Reg No.:- 37/2008-09 File No.:- Ag-46220 नवीकरण सं0:- 382/2018-23

# साइंस एजूकेशनल वेलफेयर सोसाइटी

NGO DARPAN (NITI Aayog) Unique ID: UP/2018/0182196, SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT NGO ID: UPPUP/00017230

कार्यालयः म0नं0–C/188/63, पैडलेगंज, कसया रोड, गोरखपुर, उ0प्र0–273009, ☎ 0551-3563841

पत्र सं0 : SEWS/31/21 दिनांक: 26-02-2021

O/C

सेवा में,

श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदय,
दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
गोरखपुर।

**विषय-समाज कल्याण उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग व छात्रवृत्ति दिये जाने हेतु सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति/जनजाति अभ्यर्थियों को सूचना देने के सन्दर्भ में।**

आप श्रीमान् जी को अवगत कराना है कि समाज कल्याण उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग व छात्रवृत्ति दिये जाने हेतु सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति/जनजाति अभ्यर्थियों के लिए उतर प्रदेश के विकास को उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने के क्रम में मेधावी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य के निर्माण को देखते हे उ. प्र. सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोरखपुर में भी विषय- विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा/राज्यस्तरीय सेवाएं, बैंक, रेलवें, ग्रुप-ए, बी, सी इत्यादि तथा इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराया जायेगा, जिसमें चयनित छात्र/छात्राओं को प्रति माह छात्रवृत्ति/ आर्थिक भत्ता भी दिया जायेगा। इच्छुक छात्र/छात्राएं अपने आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है), आधार कार्ड, तीन फोटो व शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ शीघ्र सम्बन्धित संस्था साइंस सेन्टर (A Unit of Science Educatioal Welfare Society) व विनर IAS पैडलेगंज, निकट छात्रसंघ चौराहा, कसया रोड, गोरखपुर में 4 दिन के अन्दर आवेदन करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये फोन नं0 0551-3563841, 8181955935, 8909933311 पर सम्पर्क करें।

अतः आप श्रीमान् जी से विनम्र निवेदन है कि उक्त सूचना के सन्दर्भ में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अवगत कराने की महती कृपा करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

सधन्यवाद।

Seen
26-2-21

भवदीय

26/02/2021

(डा0 ए0के0 सिंह)
सचिव/प्रबन्धक
साइंस एजूकेशनल वेलफेयर सोसाइटी
पैड़लेगंज, कसया रोड, गोरखपुर
मो0-8273743536, 9758097473

## कार्यालय ज्ञाप

अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के निर्धन मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निजी क्षेत्र की उच्च कोटि की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से कोचिंग दिये जाने हेतु शासनादेश संख्या–836/26–3–2009–10(1)/2008 दिनांक 24.02.2009 तथा शासनादेश संख्या–837/ 26–3–2009–10(1)/2008 दिनांक 24.02.2009 द्वारा दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है। तत्क्रम में उत्कृष्ट श्रेणी के कोचिंग केन्द्रों के चयन हेतु प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की दिनांक 23.12.2020 को आहूत बैठक की कार्यवृत्ति शासनादेश संख्या–83/26–3–2021–4(266)/05 टी0सी0 दिनांक 08.01.2021 द्वारा निर्गत किया गया है, जिसमें गठित समिति द्वारा परीक्षा पूर्व कोचिंग दिये जाने हेतु निम्नांकित संस्थाओं का विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु चयन करते हुए संस्थाओं के ब्लैक लिस्टेड होने अथवा न होने की स्थिति तथा पात्रता का परीक्षण कराने के उपरान्त धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। तत्क्रम में गठित समिति के अध्यक्ष ने अपने पत्र संख्या– 25 दिनांक 17.02.2021 के द्वारा समिति की संस्तुतियों में निम्नलिखित संस्थाओं के चयन को उपयुक्त पाया है।

| क्र0सं0 | कोचिंग संस्था का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | साइंस एजूकेशनल वेलफेयर सोसाइटी | सी0/188/63,पैडलेगंज, कसया रोड़, गोरखपुर। |
| 2 | विनर आई0ए0एस0 | पैडलेगंज रोड़, कलेपुर, गोरखपुर। |
| 3 | ब्राइट फ्यूचर क्लासेज | चिनहट तिरहा फैजाबाद रोड़ लखनऊ। |
| 4 | सहारा एकेडमी | चन्द्रलोक कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ |
| 5 | महेन्द्रा एजूकेशनल सोसाइटी, | कपूरथला, महानगर, लखनऊ। |
| 6 | जयकाली सेवा समिति | अमीनाबाद, लखनऊ। |
| 7 | रघुवंशी एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, | हजरतगंज लखनऊ। |

अतः शासनादेश संख्या–836/26–3–2009–10(1)/2008 दिनांक 24.02.2009 एवं शासनादेश संख्या–837/26–3–2009–10(1)/2008 दिनांक 24.02.2009 तथा कार्यवृत्त संख्या–83/26–3–2021–4 (266)/05 टी0सी0 दिनांक 08.01.2021 की छायाप्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्थानुसार संस्थाओं का संचालन कराना सुनिश्चित



Scanned with CamSca

करें, तथा संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी चयनित संस्थाओं से कोचिंग के प्रयोजनार्थ प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या, आवेदित अभ्यर्थियों की सूची उनके आय, जाति प्रमाण पत्र के नम्बर सहित तथा उपरोक्त अंकित तालिका में क्रमांक–4 पर उल्लिखित संस्था सहारा एकेडमी से सफल छात्रों की सूची एवं क्रमांक 5 पर वर्णित संस्था महेन्द्रा एजुकेशनल सोसाइटी का पंजीकरण दिनांक 29.04. 2020 तक वैध होने के कारण संस्था के पंजीकरण का नवीनीकरण प्रमाण–पत्र तथा वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त सफल छात्रों का विवरण तथा रघुवंशी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र की प्रति निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश को दिनांक 03–03–2021 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नः–यथोक्त।

(बाल कृष्ण त्रिपाठी)
निदेशक।

निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक सी -1001/स0क0/विकास/कोचिंग–37–19–20/2020–21

लखनऊः दिनांक 17 फरवरी, 2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, समाज कल्याण अनुभाग–3

2– मण्डलीय उपनिदेशक, समाज कल्याण, लखनऊ एवं गोरखपुर मण्डल, उत्तर प्रदेश।

3– जिला समाज कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण, लखनऊ एवं गोरखपुर मण्डल, उत्तर प्रदेश।

4– संबधित कोचिंग केन्द्र के निदेशक/व्यवस्थापक, उत्तर प्रदेश।

(बाल कृष्ण त्रिपाठी)
निदेशक।

Coching leter

Scanned with CamSca